Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 28-01-2022 | अंक 126

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रिफ

### गैस लीक होने से महिला झुलसी, रेफर

**अपेम लाइवः बरही**

बरही थाना अंतर्गत बरहिडीह निवासी पिंकी देवी उम्र 40 वर्ष पति मनोज प्रसाद केशरी गैस लीक होने से झुलस गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी मिलने पर आस पड़ोस के लोगो ने पीड़ित महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।






# टॉल प्रबंधन के खिलाफ टॉल कर्मियो ने खोला मोर्चा, पूर्व विधायक को समस्याओं से कराया अवगत, मानदेय व भोजन कटौती का आरोप

## टॉल कर्मियों को भड़काया जा रहा है, उनके मानदेय में नही की गई है कटौती, पिछला मानदेय स्लिप नही दिखा रहे हैं टॉल कर्मी : टॉल प्रबंधक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

रसोइया धमना टॉल कर्मियों ने टॉल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल कर आंदोलन का रुख तैयार किया है। उनका आरोप है कि टॉल संचालक पथ इंडिया लिमिटेड, इंदौर मध्यप्रदेश ने जब से ट०ल संचालन अपने हाथों में लिया है तब से कर्मचारियों का भयादोहन किया जा रहा है। उनके मानदेय एवं भोजन में कटौती की जा रही है। इसी मामले को लेकर टॉल प्रबंधन के खिलाफ टॉल कर्मियों ने बैठक की । इस बैठक में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी शामिल हुए। टॉल संघ के अध्यक्ष संजय सिन्हा व सचिव संदीप राणा के अगुवाई में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव से मिलकर अपनी समस्या सुनाई। टोलकर्मियों में बताया कि ट०ल प्रबंधन मानदेय में कटौती के साथ भोजन में कटौती कर रहा है साथ ही कर्मच. ारियो को नौकरी से निकालने का भय दिखाकर कर्मियों संग दुर्व्यहार करता है। टॉल कर्मियों ने कहा कि पूर्व की संचालन कंपनी द्वारा दिये जा रहे मानदेय व सुविधाओ को नए कंपनी बहाल करें। टॉल कर्मियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि टॉल कर्मियों का हक व अधिकार जरूर मिलेगा। पूर्व विधायक ने टॉल प्रबंधन से टॉल कर्मियों की मांगे माने जाने व मानदेय में कटौती नही करने को लेकर चेताया है। कहा टॉल कर्मियों के साथ दुर्व्यहार की सूचना मिला तो प्रबंधन के खिलाफ होगा आंदोलन।



टॉल प्रबंधन के खिलाफ बैठक करते टॉल कर्मी

**आरोप मनगढ़ंत एवं बेबुनियाद : पीके कौशिक**

हालांकि टॉल कर्मियों के द्वारा लगाए आरोप को टॉल प्रबंधन ने मनगढ़ंत एवं निराधार बताया है । टॉल प्रबंधक पी के कौशिक ने बताया कि टॉल कर्मियों को कंपनी के नियमानुसार ही मानदेय भुगतान कर रही है। किसी का कोई मानदेय में कटौती नही की गई है। आरोप लगाने वाले टॉल कर्मियों से पिछले तीन माह का मानदेय पेस्लिप की मांग की गई है। लेकिन कोई पे स्लीप नही दिखा रहे हैं। जब तक पेस्लिप नही दिखाएंगे , तबतक कैसे पता चलेगा कि उनके मानदेय में कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग टॉल कर्मियों को भड़काकर टॉल संचालन में बाधा उतपन्न करना चाह रहे है। जो तर्क संगत नही है। टॉल प्रबंधन टॉल कर्मियों की जायज मांगों को मानने के लिए तैयार है। लेकिन झूठा आरोप लगाकर प्रबंधन को परेशान करना उचित नही है। मौके पर अमित सिन्हा, अमित सिंह अभिषेक कुमार शर्मा ओमप्रकाश विश्वकर्मा, आनंद सागर सिंह, चंद्र देव ठाकुर, संजीत कुमार, सतीश कुमार, ललन पांडेय, तस्लीम अंसारी, गोविंद यादव, सुजय पा. सवान, पंकज रजक, मुन्ना रविदास, रामचंद्र साव, पंकज सिन्हा, अमर सिन्हा, साकिब अंसारी, सचिन शर्मा, कंचन, वीरेंद्र, पिंटू, रमेश, धर्मेंद्र, चंदन, विनय, शाहरुख, सूरज, विजय राम, विरेंद्र साहू, दीपक माली मनजीत सहित अन्य मैजूद थे।

9122222016

बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## हज़ारीबाग़ रोड में विधायक व जनप्रतिनिधियों ने किया 200 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**




ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते पुर्व विधायक व अन्य

बरही हज़ारीबाग़ रोड में स्तिथ ब्लॉक गेट के सामने ट्रांसफार्मर दो दिन पूर्व जल गया था जिससे आस पास के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर थे। जब इस बात की सूचना बरही विधायक उमाशंकर अकेला को तो उन्होंने तत्परता दिखाते हुए नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिसका उद्घटान शुक्रवार दोपहर 12 बजे बरही विधायक उमाशंकर अकेला, अपेम संरक्षक सह बरही पश्चमी पंचायत के भावी पंचायत समिति उम्मीदवार कपिल प्रसाद केशरी ने संयुक्त रूप से फ़ीता काटकर एवं नारियल तोड़कर किया। मौके पर बरही विधानसभा विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा,उप प्रमुख सिकन्दर राणा, काँग्रेस के वरिष्ठ नेता तोखन रविदास, विधुत विभाग के विधायक प्रतिनिधि सुनील चन्द्रवंशी, मीडिया प्रभारी तौकिर रजा, ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुनील साहू, कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, रंजीत निषाद, मनोज सोनी, सोनी निषाद, पंकज पासवन, मंटू सिन्हा, कृष्णा मेहता एवं आस पास के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## आरके आर्ट एंड क्राफ्ट में फ्लेक्स प्रिंटिंग मशीन का हुआ भव्य शुभारंभ

### ग्राहकों को मिलेगी आकर्षक डिज़ाइन और बेहतर क्वालिटी की प्रिंट : रवि केशरी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



बरही धनबाद रोड स्थित आर के आर्ट एंड क्राफ्ट में फ्लेक्स प्रिंटिंग मशीन का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रिंटिंग मशीन का शुभारंभ रवि केशरी की माता श्रीमती मालती देवी, पिता ब्रह्मदेव केशरी, पण्डित रामलखन शर्मा, सुरेंद्र रजक, राजेन्द्र रुख़रीयार, डेगन सिंह, भग. वान केशरी, सुधीर चंद्रा एवम अंजनी पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। प्रोपराइटर रवि केशरी ने बताया कि बरही के सबसे पुराने इस प्रतिष्ठान में फ्लेक्स प्रिंटिंग, लेज़र कटिंग, गिफ्ट एंड क्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग एवं स्टिकर का काम शुरू किया गया है। बरही, चौपारण, इटखोरी, बरकट्ठा, पदमा आदि क्षत्रों के लोगों की जरूरतों को देखते हुए बरही में यह यूनिट स्थापित किया गया है। उच्चतम क्वालिटी के इस मशीन से अब लोगो को कम समय मे प्रिंट की सुविधा दी जाएगी। मौके पर शिक्षिका सुंदरी देवी, पूनम सिन्हा, रवि केशरी, पंकज केशरी, राहुल केशरी, रोहित केशरी, आशीष केशरी, संतोष सिंह, बन्ने खान आदि लोग मौजूद थे।

## मोटरसाईकल भिंडत में 40 वर्षीय व्यक्ति घायल, रेफर

**अपेम लाइवः चौपारण**



चौपारण प्रखंड़ अंतर्गत सिंघरावां निवासी शंभु प्रसाद पिता परमेश्वर प्रसाद मोटरसाइकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शंभु प्रसाद अपने बाइक पर सवार होकर हज़ारीबाग़ से सिंघरावां वपास लौट रहे थे। इसी क्रम पदमा ओपी थाना के समीप दो मोटरसाइकिल के बीच आपस में भिड़ंत हो गई। आस पास के ग्रामीणों ने घायल व्यक्ति को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

## वेक्टर क्लासेज ने मनाया आठवाँ वर्षगाँठ

### शिक्षा ही सफलता की कुंजी : दीपक गुप्ता

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



केक काटकर वषगॉठ मनाते

बरही ब्लॉक परिसर के सामने आठ वर्षो से संच. ालित वेक्टर क्लासेस ने शुक्रवार को अपना आठवां वर्षगाँठ मनाया। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र एंव छात्राएं शामिल होकर निदेशक दीपक कुमार गुप्ता एंव शिक्षक राजेश कुमार, अरुण कुमार, कृष्णा कुमार, दमोदर राणा आर्यन गुप्ता को बुके देकर स्वागत किया । वहीं संस्थान के बच्चों द्वारा मोटिवेशनल कार्यक्रम के दौरान छात्र रो. हित कुमार, शशांग कुमार, काजल कुमारी, ईशा ठाकुर ने बारी बारी से गीत के माध्यम से इस संस्थान और शिक्षकों के बारे बताते हुए कहा कि वेक्टर क्लासेस जैसे शैक्षिक संस्थान हमारे को उड़ान भरने के लिए हमेशा तत्पर रहते है। और विशेष गाइडेंस के तहत पूरी तरीके से हमारी शिक्षा पर ख्याल रखते हुए समय प्रबंध का तरीका बताते है। इस मौके पर संस्थान के वरिष्ठ शिक्षक अरुण कुमार ने बच्चों को शुभकामना देते हुए बताया कि छात्र जीवन में स्वंय को सीखने एंव सींचने में लगाये जिससे भविष्य में फल रुपी इस समाज के बेहतर साबित हो सके । शिक्षक राजेश कुमार ने भी सभी को 8 वां वर्षगांठ पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये संस्थान हमारे निदेशक के नेतृत्व हम सभी शिक्षक ऊर्जावान होकर सभी बच्चों तक बेहतर शिक्षा देने का प्रयास होता है जिससे आने वाले बरही में भविष्य का छात्रो को इंटर विज्ञान के नए टेक्नोलॉजीज के साथ शिक्षा दे सकें। संस्थान निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने 8वां वर्षगांठ पर शिक्षकों को सभी छात्रों को शुभक. ामनाएं देते हुए 2014 के बाद की संस्थान की उपलब्धियां गिनाई। और इन्होंने अपने लंबे अनुभवी शिक्षक राजेश कुमार, दिलीप राणा, अधीर मंडल, शिव राम, अरुण कुमार,आर्यन गुप्ता, दामोदर शर्मा, अभिषेक कुमार का छात्रो के प्रति निरंतर कठी मेहनत के लिये धन्यवाद व सराहना करते हुए बताया कि इस संस्थान का 2014 से ही मोटिव रहा कि बरही बेहतर जैसे शिक्षा प्रसार अंतिम छात्र तक पहुचे जिससे ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी उच्च शिक्षा लेकर भारत देश के लिए राष्ट्र निर्माण की भागीदारी बने। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति सभी छात्रों को कड़ी मेहनत करें किताब को अपने जीवन का सच्चा साथी बनाएं। मौके पर शशांग कुमार, पीयूष कुमार, अंकिता कुमारी, मनीशा कुमारी, सोनिका कुमारी, लाडली कुमारी, ममता कुमारी, दीपिका कुमारी, निशा कुमारी, डिंपल गुप्ता, प्रियांशु कुमारी,राहुल कुमार, अंजली गुप्ता, पूजा कुमारी, सैफ अंसारी, हैप्पी कुमार, शशि यादव, रोहित कुमार, मोनिका, शिवानी कुमारी, शिवानी कुमारी, रिंकी कुमारी,बबली शर्मा, काजल कुमारी, नेहा कुमारी, गयात्री कुमारी, रिमझिम सिंह, मोहम्मद आदान, खुशबू कुमारी, उजाला कुमारी व कई छात्र उपस्थित थे।

## शीतलहरी को देखते हुए समाजसेवी ने किया 150 लाभुकों के बीच कम्बल वितरण

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



कम्बल वितरण करते रामचंद्र यादव

बरही में इन दिनों शीतलहरी जोरों पर है। शीतलहरी के कारण सुद. ूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सरकारी स्तर पर कम्बल तो वितरण किया गया। लेकिन सभी लाभुकों को नही मिल पाया। कोल्हुवाकला के बेला गांव के लाभुकों ने बरही मध्य भाग के जीप उम्मीदवार बिमला देवी के पति समा. जसेवी रामचंद्र यादव से कम्बल के लिए फरियाद लगाई। लाभुकों की मांग पर तुरंत रामचंद्र यादव ने अपनी निजी कोष से 150 कम्बल खरीदकर खुद बेला गांव जाकर कम्बल वितरण किया। कम्बल प्राप्त कर लाभूक काफी खुश दिखे। लाभुकों ने बताया कि सरकारी स्तर पर जो कम्बल बंटता है। उसकी संख्या काफी कम रहती है। जिसके कारण सभी लोगों को कम्बल नही मिल पाता है। 150 कम्बल बेला में बांटा गया। इससे इस भयंकर शीतलहरी में लोगो को काफी राहत मिलेगी। रामचन्द्र यादव ने कहा कि जनसेवा ही हमारी प्राथ. मिकता है। मौके पर सभी ने बिमला देवी को जिताने का संकल्प लिया। कम्बल प्राप्त करने वालों में बद्री यादव, सुभानी मियां, अशोक दास, दिनेश यादव ,कैलाश राम ,काली राम, दिनेश राम, विकास दास, रजाक मियां, जमीला खातून ,हलीमा खातून ,बंदिनी देवी, खतीजा खातून ,मालती देवी ,शांति देवी, गंगिया देवी, छोटू यादव, मोसमत रेशमी ,लक्ष्मण राम ,कपिला देवी, सरयू राम, वासुदेव राम ,गौरी देवी, गणेश राम ,कार्तिक राम ,नागौर यादव, रफीक अंसारी सहित 150 लोग शामिल थे।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही प्रखंड में धर्म रक्षा निधि संग्रह का काम जोरों पर विहिप के पदाधिकारियों ने झोंकी पूरी ताकत

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**


निधि संग्रह करते विहिप कार्यकर्ता

विश्व हिंदू परिषद की राष्ट्रव्यापी धर्म रक्षा निधि संग्रह अभियान में बरही विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल ने जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता के नेतृत्व में पूरी ताकत झोंक दी है। इस निधि से सनातन धर्म के प्रतीक और अस्तित्व की रक्षा के साथ –साथ सेवा कार्य में खर्च किया जाता है। इस हेतु धर्म प्रेमी बंधुओं का भरपूर सहयोग संगठन को मिल रहा है और जनमानस बढ़ चढ़ कर सहयोग राशि का समर्पण कर रहे है ।लोग स्वेच्छा से 1000 रूपये का सहयोग कर रहे हैं। इस पर बयान देते हुए गुरुदेव गुप्ता ने बताया कि पूरे प्रखंड के सभी पंचायत के सभी गांव से लोग सहयोग कर रहे हैं। यह धर्म का कार्य है और इस कार्य को सभी कार्यकर्ता वानर सेना की तरह कार्य कर रहे हैं ।इस कार्य में बरही पूर्वी ,बरही पश्चिमी , करियातपुर ,एवं रसोइया धमना पंचायत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस संपूर्ण अभियान में विश्व हिंदू परिसद प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, बजरंग दल संयोजक प्रदीप चंद्र वंशी, इन्द्रदेव गुप्ता, अरविंद कुमार, प्रकाश प्रजापति, गिरजा साव, शंकर कुमार, चंदन कुमार, नितेश कुमार,दिलीप यादव, का सहयोग रहा

## विश्व हिन्दू परिषद ओर बजरंग दल ने परतन में गर्म जोशी के साथ मनाया 73 वां गणतंत्र दिवस

**अपेम लाइवः पदमा**
**सुमन मेहता**


झण्डोतोलन करते लोग

पदमा प्रखंड के परतन में विश्व हिन्दू परिषद ओर बजरंग दल के सदस्यों ने गर्म जोशी के साथ 73 वाँ गणतंत्र दिवस मनाया साथ ही झंडे को सलामी दिया। मौके पर मौजूद जिला परिषद सदस्य बसंत मेहता के द्वारा झंडोतोलन किया गया है। वहीं संविधान के बारे में जानक. ारी दिया गया। विश्व हिन्दू परिषद् के अध्यक्ष सुबोध कुमार ने कहा कि तिरंगा को सुरक्षा करना प्रत्येक भारत के नागरिकों परम कर्तव्य है। इस तिरंगे को झुकने नहीं देंगे। इस कार्यक्रम में शामिल रहे बजरंग दल के जिला संयोजक प्रशांत सिंह, जिला समरसत प्रमुख अयोध्या मेहता, प्रखंड मुख्य संरक्षक मुन्ना मेहता, बजरंग दल के उपाध्यक्ष रा. जेश मेहता, प्रखंड प्रमुख मंत्री सीकेन्द्र मेहता, बीजेपी युवा मोर्चा के अध्यक्ष उदय मेहता, कुलदीप रविदास, सुरेन्द्र मेहता,पंकज कुमा. र।बीजेपी के वरिष्ठ करकर्ता दशरथ मेहता, काली मेहता, विजय मेहता, प्रमोद मेहता, रविन्द्र पांडेय एवं दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## मलकोको में रविदास जयंती मनाने को लेकर आयोजन समिति का गठन, गुलाब दास बने अध्यक्ष

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**


बैठक में शामिल लोग

मलकोको में रविदास जयंती मनाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रविदास समाज के सभी लोग उपस्थित हुए एवं प्रत्येक साल की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि रैदास जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से रविदास जयंती मनाने हेतु एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष गुलाब कु0 दास, उपाध्यक्ष मनोज दास, सचिव गणेश कुमार दास,उपसचिव हेमलाल दास, कोषाध्यक्ष नागेश्वर रविदास।और संरक्षक सूरज दास, लक्ष्मण दास, महेंद्र दास, महेश दास, शंकर दास, रामसुंदर दास, का. र्तिक दास, बिनोद दास, बिकास दास। सदस्य केदार दास, बालेश्वर दास, ओमप्रकाश दास, जगदीश दास,दिनेश दास, सूरज दास,दिलीप दास, राजकुमार दास,सन्तोष दास, अनिल दास, अर्जुन दास को बनाया गया।इस बैठक में महिला पुरुष सभी ने भाग लिए एवं संत शिरोमणि रैदास जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाने पर सहमति बनी।

## माथाडीह कि महिला ने चन्दवारा पश्चिमी के सीएसपी संचालक पर पैसा निकासी मे फर्जीवाडा का लगाया आरोप ।

**अपेम लाइवः चंदवारा**


पिडित महिला




चंदवारा थाना क्षेत्र के माथाडीह की एक महिला ने सीएसपी संचालक जगवीर वर्णवाल पर फर्जी तरीके से रुपये निकलने का आरोप लगाते हुवे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को दिया आवेदन। दिए गए आवेदन में महिला ने कहा है कि मैं 22 जनवरी को चंदवारा चौक स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र में अपने खाता संख्या 11658683168 से पैसा निकालने आधार कार्ड ले कर गयी,जहां सीएसपी संचालक के द्वारा 10,000 का निकासी कर दिया गया। पुनः गुरुवार को मैं पैसा निकालने गयीं तो ग्राहक सेवा केंद्र बन्द था,उसके बाद मैं पैसा निकालने बैंक गयी,बैंक जा कर मैं निकासी के लिए 20,000 का निकासी फॉर्म भर कर बैंककर्मी को दी। बैंककर्मी के द्वारा कहा गया कि आपके खाते में ग्यारह हजार सैंतीस रुपये है। यह सुन कर मैं परेशान हो गयी,मैंने बैंककर्मी से कहा कि मेरे खाते में इक्कीस हजार सैंतीस रुपया है। मेरी परेशानी देखकर बैंककर्मी ने पासबुक को अपडेट करने के बाद बताया कि 22 जनवरी को दस दस हजार रुपये करके दो बार निकासी किया गया। मैं दो दिनों से सीएसपी का चक्कर लगा रही हूँ, सीएसपी दो दिनों से बंद है। महिला ने सीएसपी संचालक पर उचित कार्रवाई करतें हुवे सीएसपी रदद् करने की मांग की है। वही इस मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने कहां की यह मामले को लेकर महिला ने हमको आवेदन दिया है दिये गये आवेदन को संज्ञान में ले लिया गया है, मामले की जाँच कर नियम संगत उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी। वही सीएसपी संचालक जगवीर वर्णवाल का कहना है कि महिला को बीस हजार रुपया की जरूरत थी और मेरे पास उस समय बीस हजार रुपया नही था इसलिए दस दस हजार कि दो बार निकासी कर ली और उक्त महिला को दस हजार रुपया देकर शेष बची दस हजार रुपया दुसरे दिन ले जाने को कहा गया था लेकिन वो महिला आज तक मेरे पास नही आयी। आखिर सवाल उठता है कि बैंकिंग नियम मे ऐसा भी है क्या कि अंगूठा आज लगा ले और पैसा चार दिन बाद ले के जाए। जंहा सरकार एक और डिजिटल इंडिया को बढावा दे रही है और प्रत्येक व्यक्ति को बैकं से जुडने के लिए प्रेरित कर रही है वहीं दूसरी ओर बैंक जाने पर लोग ठगी का शिकार हो रहे है आखिर सरकार का डिजिटल इंडिया के सपनो को सीएसपी संचालकों द्वारा सरकार के सपनों पर पानी फेर रही है।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## आर्यकर्ण निधि प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा नयाटांड पंचायत में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के नयाटांड पंचायत में आर्यकर्ण निधि प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा शुक्रवार को गरीब बुढा-बुढ़ी, विकलांग व जरुरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए कम्बलों का वितरण किया। इस दौरान कंपनी ने नयाटांड पंचायत भवन में चिन्हित कर लोगों को कम्बल वितरण किया।नयाटांड पंचायत के लोग के बीच 100 कम्बल वितरण करने पर लोगों ने कंबल वितरण कार्यक्रम के लिए आर्यकर्ण निधि को धन्यवाद दिया। आर्यकर्ण निधि प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार के द्वारा लगातार प्रखंड भर गांवों में वैसे बुढा-बुढ़ी, विकलांग व जरुरतमंद लोगों के लिए कंपनी निरंतर कंबल का वितरण करते आ रही है। अब तक कंपनी ने प्रखंड के विभिन्न गांव में लगभग 3000 कंबल का वितरण कर चुका है।उनलोगों को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया जा रहा है। मौके पर सीएमडी रंजीत कुमार, संयोजक सरोज सोनी, विनोद सिन्हा, पवन कुमार, विनोद सिन्हा, खुशबू महतो, करुणा देवी, आदि लोग देवी, मुंद्रिका सिंह, हेमलाल कुमार मौजूद थे।

## बिजली समस्या को लेकर भाजपा का 30 जनवरी को शाम में मशाल जुलूस व 31 जनवरी को बड़कागांव बंद का आह्वान।

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बैठक में शामिल भाजपाइ

भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव दोनों मण्डल की संयुक्त बैठक गुरुचट्टी कुशवाहा धर्मशाला के प्रांगण में पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता व महामंत्री सुमन गिरि के संचालन में किया गया। बैठक में हेमन्त सोरेन की सरकार द्वारा झारखंड प्रदेश की बिजली की स्थिति चरमराई हुई है। जनहित में इस समस्या के खिलाफ भाजपा द्वारा कार्यक्रम तय किया गया है। जिसमें 30 जनवरी संध्या 5 बजे मशाल जुलूस कुशवाहा धर्मशाला (गुरुचट्टी) से प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण व 31 जनवरी को बड़कागांव प्रखंड बंदी किया जाएगा। 2 फरवरी को रांची स्थित विद्युत सचिव के कार्यालय का घेराव कार्यक्रम तय किया गया। उक्त जनहित कार्यक्रम में बड़कागांव वासियों से सहयोग की अपील की गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, राजेश कुमार गुप्ता, डॉ बालेश्वर महतो, दामोदर सिंह,अशोक कुमार सहित सैकड़ों भाजपाई शामिल थे।

## अडाणी फॉउंडेशन ने गाली गांव में 280 ग्रामीणों के बीच बांटा कंबल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




कंबल वितरण करते अधिकारी

बड़कागांव अडाणी फाउंडेशन की ओर से सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को गाली प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कूल 280 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया इस कंपकंपाती ठंड में कंबल पाकर ग्रामीण बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर अदाणी गोंडुलपारा कोयला खनन परियोजना के अधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में अडाणी फoउंडेशन की ओर से इलाके के ग्रामीणों के लिए कई तरह के सामाजिक कार्य किए जाएंगे। ग्रामीणों के लिए हेल्थ चेक अप कैंप लगाया जाएगा ताकि सभी के स्वास्थ्य की मुफ्त जांच हो सके। कैंप में बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## समाजसेवी उमेश दांगी के पहल से 311 कंबल का वितरण

### एनटीपीसी 190 ,आर्य कर्ण निधि 101 एवं जीसस सोसाइटी ने दिया 20 कंबल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव (हजारीबाग)- अत्याधिक ठंड को देखते हुए बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव के वृद्ध महिला पुरुषों बच्चों तथा दिव्यांग लोगों के बीच समाजसेवी सह पत्रकार उमेश दांगी के पहल से 311 कंबल का वितरण किया गया जिसके बाद असहाय, बृद्ध, महिला, पुरुष व बच्चे तथा दिव्यांगों को ठंड से राहत मिली। कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को एमडी रंजीत कुमार मेहता एवं एमडी देवदीप महतो के निर्देशन में आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के बैनर तले हरली गांव में 121 कंबल का वितरण फौंडेशन प्रेसिडेंट सरोज सोनी के हाथों किया गया जिसमें जीसस मिशनरी सोसायटी ऑफ कर्णपुरा सचिव नकुल कुमार महतो का भी 20 कंबल का योगदान रहा जिसे हरली ग्राम के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका व सहायिकाओं के सहयोग से गरीबी असहाय लोगों का सूची तैयार किया गया और उनको कंबल उपलब्ध कराया गया । वही श्री दांगी द्वारा दिव्यांग रामेश्वर महतो के देखरेख में प्रखंड के लगभग डेढ़ सौ दिव्यांग एवं पचासी असहाय वृद्ध महिला पुरुष लोगों का सूची तैयार कर शुक्रवार को राज्य संपोषित उच्च विद्यालय हरली परिसर में एनटीपीसी के द्वारा एजीएम कमलाकांत रजक के हाथों 190 कंबल उपलब्ध कराया गया और बाकी बचे दिव्यांगों को जो वितरण स्थल पर नहीं पहुंच पाए उनके घर जाकर पदाधिकारियों के देखरेख में प्रखंड दिव्यांग समिति के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष के सहयोग से पहुंचाने का संकल्प उमेश दांगी ने लिया । जिसे पंचायत स्तर पर घूम घूम कर उपलब्ध कराया जाएगा इस अवसर पर गुरुवार को आंगनबाड़ी सेविका अनिता कुमारी कुशवाहा, जयंती रानी कुशवाहा ,आशा रानी कुशवाहा, प्रेमाकुमारी ,कुसुम देवी ,आर्य कर्ण निधी से सरोज सोनी, पवन कुमार, अशोक कुमार, विनोद कुमार सिन्हा, खुशबू कुमारी, चौहान साव,चिंतामणि साव, एवं शुक्रवार को राज्य संपोषित उच्च विद्यालय हरली परिसर में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनटीपीसी एजीएम कमलाकांत रजक, पंकज कुमार व्यास, रामेश्वर महतो, लोकनाथ राणा प्रभावती कुमारी, बजरंगी कुमार ,मंसूर आलम ,अमित कुमार के साथ-साथ आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका समेत सैकड़ों वृद्ध महिला पुरुष असहाय बच्चे व दिव्यांग उपस्थित थे।

APEM
LIVE



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## नही थम रही है डीलरों की मनमानी, बढ़ रही कार्डधारियों की परेशानी

**अपेम लाइवः गावां**
**मुजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड के कई पंचायतों में जन वितरण प्रणाली के डीलरों के द्वारा मनमानी ढंग से काम करने का मामला आता रहा है फिर भी विभाग नींद की दवा खाकर बेफिक्र गहरी नींद में सो रहे है। कभी डीलर के द्वारा कार्डधारियों से अंगूठा लगवा कर राशन नही देने का मामला तो कभी कम राशन देने का मामला प्रकाश में आता रहा है। हैरत तो तब होती है जब पूरे महीने भर का राशन हड़प करने की बात कही जाती है। हालांकि मामला प्रकाश में आने के बाद विभाग के द्वारा कुछ डीलरों पर कार्यवाई करने की बात कह कर या थोड़ी बहुत कार्यवाई कर विभाग अपना कोरम पूरा कर लेता है जिसका परिणाम है कि भ्रष्ट डीलरों पर कोई खास असर नही पड़ता है। आये दिन प्रखण्ड के किसी न किसी पंचायत से डीलरों की मनमानी का मामला आता ही रहता है। कार्डधारियों की माने तो राशन वितरण में कभी गड़बड़ियां हो रही है लेकिन बेचारा गरीब कार्डधारी खुलकर विरोध भी नही कर सकता है क्योंकि यदि वह विरोध करता है तो उसका राशन कार्ड रद्द करने की धमकी भी डीलरों के द्वारा दिया जाता है। भ्रष्ट डीलरों के खिलाफ कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी आवाज़ उठाया गया लेकिन उनके आवाज़ में भी कोई खास दम खम नही दिखाई दिया और स्थिति जस की तस बनी हुई है। अब जानना ये है कि डीलरों और विभाग के पदाधिक. ारियों के बीच आखिर कौन सी गठजोड़ है या कैसा संरक्षण प्राप्त है जिसके कारण कार्डधारियों के इतने विरोध करने और मनमानी के निरंतर मामले आने के बाद भी विभाग के पदाधिक. ारियों के द्वारा कोई बड़ी करवाई नही की जा रही है। अगर ईमानदारी से जांच किया जाए तो शायद सारी बातें सामने आ सकती है।

## पुलिस ने तीन नक्सलियों को दबोचा ,डुमरी एसडीपीओ ने पुलिस लाइन में की प्रेस वार्ता

**अपेम लाइवः गिरिडिह**



प्रेस वार्ता करते पुलिस अधिरकारी

गिरिडीह के डुमरी थाना क्षेत्र के बराकर नदी पर बने पुल को विस्फोट कर क्षतिग्रस्त करने वाले तीन नक्सली दबोच लिए गए हैं। गुरुवार को गिरिडीह पुलिस लाइन में डुमरी एसडीपीओ मनोज कुमार ने प्रेस वार्ता कर इस बात की जानकारी दी। बताया गया कि 22 जनवरी की रात डुमरी क्षेत्र के नारंगो के समीप बराकर नदी बने पुल को भाकपा माआ. वादीयों के दस्ते के द्वारा विस्फोट कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इसी कांड के अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने प्राथमिक अभियुक्त पीरटांड़ निवासी रूपलाल मुरमु, चकाई निवासी मुस्तफा और गिरिडीह की डडीडीह निवासी शमशेर आलम को गिरफ्तार कर लिया है। इस बाबत डुमरी एसडीपीओ मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। बताया गया कि घटना में प्रयोग किया गया विस्फोटक इन्हें शहर के डाडीडीह स्थित शुभम क्लीनिक के पास से शमशेर आलम के द्वारा प्राप्त हुआ था। शमशेर आलम की गिरफ्तारी के बाद ही पूरे मामले का उद्भेदन हुआ और बारी–बारी से अन्य दो की गिरफ्तारी हो गई। बताया गया कि मामले के सत्यापन करने के बाद तीनों को सिविल कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जा रहा है। प्रेस वार्ता में डीएसपी संजय राणा,साइबर सेल के डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी समेत अन्य कई पुलिस अधिकारी व पुलिस जवान मौजूद थे।

## वन विभाग ने छापेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**अपेम लाइवः गावां**
**मुजाहिद अली**



गावां वन प्रक्षेत्र इन दिनों अवैध महुआ शराब निर्माण का अड्डा बन चुका है। सीमावर्ती जंगलों में शराब निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहा है और थमने के नाम नही ले रहा है। हालांकि गावां थाना पुलिस निरंतर छापेमारी कर भट्ठियों को ध्वस्त करने और उपकरणों को जब्त करने का काम कर रही है बावजूद इसके शराब निर्माण कार्य रुक नही रहा है। शुक्रवार को भी जब वन रक्षियों की टीम के द्वारा जंगलों में सर्च अभियान चालय जा रहा था तो उनकी नजर एक अवैध रूप से संचालित शराब निर्माण के ठिकाने पर पड़ी। जब वन रक्षी वहां पहुंचे तो शराब निर्माता उक्त स्थान से भागने का प्रयास किया लेकिन वनरक्षियों ने दबोच लिया और संचालित भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान काफी मात्रा में लकड़ियों और शराब निर्माण में प्रयोग किये जाने वाले उपकरणों को जब्त कर लिया गया है।

## महिलाओं को स्वावलंबी आत्मनिर्भर बनाने के दिशा में कर रही है कार्य

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के द्वारा आज गिरिडीह के बिरनी प्रखंड के माख मारगो पंचायत के पंचायत भवन में बिरनी प्रखंड प्रभारी मोहमद सम्मीम अंसारी की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुआ । बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के संस्थापक अमल दास ने सभी पंचायत एसोसिएट को बताया की आज हमारे संस्था झारखंड के साथ साथ बिहार एवम उत्तर प्रदेश में भी कार्य कर रही हैं,संस्था के मुख्य उद्देश्य गरीब एवम असहाय लोगों को मदद करना एवम मि. हलाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु पापड़ मोमबत्ती, अगरवत्ती ,सिलाई ,कढ़ाई ,ब्यूटीशियन ,मशरूम, आदि प्रशिक्षण दिलाया जाता है जिसे महिलाएं आपने आप आत्म निर्भर बन सके । इस बैठक को धनबाद जिला प्रभारी नसीम अंसारी एवम तोपच. ांची प्रखण्ड प्रभारी इरफान अंसारी दोनो ने भी संस्था के बारे विस्तार पूर्वक दिया। बैठक में मनोज दास,हसीना खातून, सजदा खातून, लक्ष्मी कुमारी, कांचन कुमारी, बबिता कुमारी,अनिता देवी एवम सभी पंचायत के एसोसिएट मजूद थे






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




# डीवीसी बिजली व्यवस्था के खिलाफ 1 फरवरी से तिलैया डैम में अनिश्चितकालीन धरना

## बिजली नहीं तो पानी नहीं : विधायक अमित कुमार यादव

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**


लोगों से वार्ता करते विधायक अमित कु0 यादव

चलकुशा : बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में बिजली की कटौती व लचर व्यवस्था को लेकर चलकुशा प्रखंड के लोगों एवं कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक चलकुशा प्रखंड के पंचायत भवन के प्रांगण में विधायक अमित कुमार यादव की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में गणमान्य लोग शामिल हुए ।मौके पर विधायक अमित यादव ने कहा कि राज्य समेत पूरे विधानसभा क्षेत्र में बिजली की स्थिति दयनीय है। लोगों को नियमित बिजली नहीं मिल पा रही है। मुश्किल से ला. गों को पांच से छह घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। जबकि उपभोक्ताओं से सरकार पूरे पैसे ग्रामीणो से वसूल रही है। पैसे देने में असमर्थ लोगों पर प्राथ. मिकी दर्ज कराई जा रही है।राज्य की हेमंत सरकार में गरीब त्राहिमाम हैं। उन्होंने कहा कि डीवीसी के द्वारा बिजली कटौती के खिलाफ 1 फरवरी से तिलैया डैम पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। अगर लोगों को बिजली नहीं मिलती है। तो डीवीसी को पानी नहीं मिलेगा। विधायक श्री यादव ने अनिश्चितकालीन धरना में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने की अपील की है। वहीं युवा नेता आलोक सिंह ने कहा कि इस जन आंदोलन मे तमाम चल. कुशा प्रखंड के लोग विधायक के साथ हैं। विधायक श्री यादव ने जन समस्याओं को लेकर चल. कुशा प्रखंड मुख्यालय का भी दौरा किया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी व अंचलाधिक. ारी शशिकांत शिंकर से मिलकर कर क्षेत्र के लोगों हो रही समस्याओं से अवगत कराया । मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी,विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष विजय चौधरी, श्याम सुंदर यादव,राजेश यादव, वासुदेव यादव, गोविंद चौधरी, शंकर ठाकुर,विरेन्द्र यादव, लखन साव, विक्रम सिंह, मोहसीन कमाल, धीरेंद्र पांडेय, इंद्रदेव यादव, जानकी अंसारी, रा. जकुमार पंडित, संजय यादव, कामेश्वर यादव, विनोद यादव, रामचंद्र यादव सुनिल पासवान, राजेन्द्र साव,रामदेव यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

